व्याख्या—राजस्थानी भाषा का उत्पत्ति काल बारहवीं शताब्दी का अंतिम चरण माना जाता है। इसी समय वीरगाथा काल के ग्रंथों की रचना प्रारम्भ हुई। राजस्थानी भाषा का उद्‌भव शौरसेनी अपभ्रंश से माना जाता है।

440.राजस्थान की बोली एवं क्षेत्र के सम्बन्ध को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित में से गलत युग्म को पहचानिए –

(a) टोंक – ढूंढाड़ी
(b) पाली – बागड़ी
(c) बाराँ – हाड़ौती
(d) करौली – मेवाती

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – सही सुमेल है –

बोली		**क्षेत्र**
ढूँढाड़ी	–	टोंक
बागड़ी	–	डूँगरपुर एवं बांसवाड़ा
हाडौती	–	बाराँ
मेवाती	–	करौली

441. कुवलयमाला में कितनी देशी भाषाओं का उल्लेख है?

(a) 18 (b) 08
(c) 06 (d) 12

Basic computer Anudeshak-18.06.2022
RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : कुवलयमाला में 18 देशी भाषाओं का उल्लेख है। कुवलयमाला की रचना उद्योतन सूरी द्वारा जालौर में रहकर 8वीं शताब्दी के आसपास की गयी थी। इसमें उल्लेखित 18 देशी भाषाओं में पश्चिमी राजस्थान की मरु भाषा का भी उल्लेख मिलता है।

442. निम्नलिखित में से कौन दादू दयाल जी का शिष्य नहीं है?

(a) सुंदर दास जी (b) गरीबदास जी
(c) रज्जब जी (d) लालदास जी

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से लालदास जी, दादू दयाल जी के शिष्य नहीं थे। दादू दयाल जी के 152 शिष्य थे। इनमें से प्रमुख 52 शिष्य, 52 स्तम्भ कहलाएं, जिनमें गरीबदास जी, सुंदरदास जी, रज्जब जी, मिस्किनदास जी, बखना जी, जगन्नाथ व माधोदास जी आदि प्रमुख हैं। इनके शिष्यों को 'रज्जवात' अथवा 'रज्जब पंथी' कहा जाता है।

443. सूर्यमल्ल मीसन की रचनाओं में राजस्थान की कौनसी बोली प्रयुक्त हुयी है?

(a) बागड़ी (b) मेवाती
(c) हाड़ौती (d) ढूँढाड़ी

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : बूंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यमल्ल मीसन की रचनाओं में हाड़ौती बोली प्रयुक्त हुई है। कवि सूर्यमल्ल मीसन षट्‌भाषी, व्याकरण, दर्शन, ज्योतिष आदि के विद्वान थे। वंशभास्कर इनका प्रसिद्ध इतिहास ग्रन्थ है। इनकी प्रमुख रचनाओं में वीर सतसई, बलवद्विलास, रामरंजाट, वंश भास्कर, धातु रूपावली आदि है। ये हाडा नरेश रामसिंह के दरबारी कवि थे।

444. वीर सत्सई, बलवद्विलास और रामरंजाट के लेखक हैंः

(a) श्यामलदास
(b) सूर्यमल्ल मिश्रण
(c) गौरीशंकर हीराचन्द ओझा
(d) जगदीश सिंह गहलोत

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

445. 'हम्मीर महाकाव्य' का लेखक कौन था?

(a) कविराजा श्यामलदास
(b) नयनचन्द्र सूरि
(c) जी.एच. ओझा
(d) नैणसी

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (b) : 'हम्मीर महाकाव्य' एक ऐतिहासिक ग्रंथ है। इसके रचयिता नयनचन्द्र सूरि थे। इस ग्रंथ में राणा हम्मीर के युद्ध एवं विजयों का वर्णन है।

446. 'राजस्थानी भाषा दिवस' मनाया जाता है-

(a) 21 जनवरी को (b) 30 मार्च को
(c) 21 मार्च को (d) 21 फरवरी को

Agriculture Superviser-2021
कृषि पर्यवेक्षक -2021

Ans. (d) – राजस्थानी भाषा दिवस 21 फरवरी को मनाया जाता है। राजस्थान में अनेक बोलियां बोली जाती है जिनका मिश्रित रूप ही राजस्थानी है। राजस्थान प्रदेश की मातृभाषा राजस्थानी है। 21 फरवरी को यूनेस्को भी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा दिवस मनाता है तथा 30 मार्च को राजस्थान की स्थापना दिवस मनाया जाता है।

447. 'सुधा प्रबन्ध' किसने लिखी?

(a) नाथा (b) मण्डन
(c) कुम्भा (d) गोविन्द

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (c) : महाराणा कुंभा 1433 ई. में मेवाड़ के शासक बने। कुंभा कुशल योद्धा, योग्य शासक एवं कला के पोषक थे। राणा कुंभा ने संगीत मीमांसा, रसिक प्रिया, सुधा प्रबंध, संगीत रत्नाकर टीका की रचना की थी।

448. 'दुविधा' कहानी जिस पर फिल्म भी बनाई गई, किसने लिखी?

(a) कोमल कोठारी (b) कन्हैया लाल सेठिया
(c) विजयदान देथा (d) चन्द्रसिंह

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (c) : दुविधा, विजयदान देथा की रचना है। दुविधा कहानी पर वर्ष 1973 में मणि कौल ने 'दुविधा' नाम से जबकि वर्ष 2005 में शाहरूख खान ने 'पहेली' नाम से फिल्म बनाई है। इनकी अन्य रचानाएँ 'उजाले के मुसाहिब', 'बातारी फुलवारी', 'टिडो राव,' 'कबू रानी' तथा 'उलझन' आदि है।

449. डॉ. टेसीतोरी के अनुसार राजस्थानी भाषा किस सदी के लगभग अस्तित्व में आ चुकी थी?

(a) 12वीं सदी (b) 11वीं सदी
(c) 13वीं सदी (d) 10वीं सदी

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020